ज्यादा सुपारी खाने से भी हो सकता है कैंसर : अग्रवाल

इंदौर। मुंह का कैंसर भारत में आम है। यह पुरुषों में करीब 46 फीसदी व महिलाओं में 15 फीसदी पाया गया है। 90 से 97 फीसदी मुंह का कैंसर तम्बाकू के किसी भी रुप में उपयोग के कारण होता है जैसे सिगरेट, गुटका, शीशा, सुपारी, पान मसाला आदि। यह उन लोगों में भी पाया जाता है जो एल्कोहल अधिक लेते हैं। ज्यादा सुपारी खाना भी कैंसर होने का एक कारण है। यह कहना हैं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण अग्रवाल का। शुक्रवार को इंडोको रेमेडीज रिसर्च फार्मा कंपनी की ओर से प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। इसमें डॉ. अग्रवाल ने बताया देश में जितने भी तरह के कैंसर से ग्रसित लोग है उनमें 40 फीसदी कारण मुंह के कैंसर से है। तम्बाकू व शराब का सेवन एक साथ करने से 30 गुना ज्यादा संभावना बढ़ जाती है कैंसर होने की। किसी भी स्तर पर मुंह के कैंसर का इलाज किया जा सकता है। लोगों में जागरुकता की कमी के कारण इसका पता अंतिम अवस्था में चलता है जिसकी वजह से बचाव मुश्किल हो जाता है लेकिन प्रारंभिक अवसथा में ही इसका पता लगा लिया जाए तो उपचार एवं बचाव की संभावना बढ़ जाती है। कंपनी के समीर देनी, सीनियर डेप्युटी जनरल मैनेजर, कॉर्पोरेट रिलेशन ने बताया मुंह के कैंसर की प्रारंभिक जांच अभियान की कड़ी में यह कांफ्रेंस आयोजित की गई।